Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, बुधवार 13 नवम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 46

## बांग्लादेश 2 ट्रेनों में टक्कर से 16 लोगों की मौत, 60 से अधिक घायल

**ढाका ।** बांग्लादेश के ब्रह्मनबरिया जिले में मंगलवार को 2 ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में ब्रह्मनबरिया के उपायुक्त हयात-उद-दौला खान के हवाले से कहा कि सिलहट से चटगांव जा रही उद्यान एक्सप्रेस की ढाका जा रही तुर्ना निशिता ट्रेन से मन्दोबाग स्टेशन पर मंगलवार तड़के करीब साढ़े 3 बजे टक्कर हो गई।



सिग्नल पालन नहीं करने की वजह से हुई टक्करउन्होंने बताया कि यह टक्कर लोको मास्टर के सिग्नल का पालन नहीं करने की वजह से हुई। खबर में रेल मंत्रालय के सचिव मोफज्जल हुसैन के हवाले से कहा गया कि घटना की जांच के लिए 3 अलग-अलग जांच समितियों का गठन किया गया है। 'डेली स्टार' की खबर के अनुसार उद्यान एक्सप्रेस अखौरा रेलवे जंक्शन पर पटरी बदल रही थी तभी दोनों ट्रेनों के बीच टक्कर हुई। खबर में कहा गया कि मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

अखौरा रेलवे स्टेशन के प्रभारी श्यामलाल कांती दास ने बताया कि 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 3 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'बचाव अभियान जारी है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि अभी कई लोग क्षतिग्रस्त डिब्बों में फंसे हैं।' हादसे के कारण ढाका-चटगांव, ढाका-नोआखली और चटगांव-सिलहट पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। 'डेली स्टार' ने खबर में कहा कि अखौरा और लक्षम रेलवे जंक्शन से दो राहत ट्रेनें राहत एवं बचाव कार्यो के लिए भेजी गई हैं।रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हादसा आज तड़के मन्दोबाग स्टेशन पर उस समय हुआ जब चटगांव जा रही उद्यान एक्सप्रेस की, पटरी बदलते समय ढाका जा रही तुर्ना निशिता ट्रेन से टक्कर हो गई। प्रवक्ता ने कहा, 'बचाव कार्य लगभग पूरा हो गया है।

## केंद्र ने बढ़ाई इंटर्नशिप योजना 2019 के आवेदन की तिथि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भारत या विदेशी संस्थानों में स्नातक या एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे भारतीय नागरिकों से संबंधित ''एमएचआरडी इंटर्नशिप योजना 2019 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया है। मंत्रालय के निदेशक सैयद इकराम रिजवी की ओर से 11 नवंबर को जारी प्रपत्र में कहा गया है कि पूर्व में एमएचआरडी इंटर्नशिप योजना 2019 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर थी जिसे अब बढ़ाकर 15 नवंबर 2019 कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

पूर्व में 10 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के अनुसार यह इंटर्नशिप दो माह की अवधि के लिए दी जायेगी और यदि अपेक्षित हो तो व्यक्तिगत मामलों में इसे छह माह तक बढ़ाया जा सकता है । इंटर्नशिप में प्रवेश साल में दो बार, नवंबरध्दिसंबर तथा अप्रैलध्मई के दौरान होगा। इसमें कहा गया है कि इंटर्नशिप के लिए अधिकतम 15 स्थान उपलब्ध होंगे। इंटर्नशिप के लिए एक इंटर्न को प्रति माह 10 हजार रुपये का स्टाइपंड दिया जाएगा । इंटर्न को उसकी इंटर्नशिप सफलतापूर्वक समाप्त होने पर ब्यूरो द्वारा एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। उसे इंटर्नशिप के दौरान इंटरकॉम, टेलीफोन, इंटरनेट, लेखन सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। इसमें कहा गया है कि इंटर्न से अपेक्षित है कि वे संबंधित ब्यूरो को अपने असाइनमेंट के अंत में अपने अनुभव के बारे में संक्षित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके तहत राष्ट्रीय महत्व के संस्थानध्उत्कृष्ट संस्थान, तकनीकी और प्रबंधन संस्थाओं की श्रेणी में तकनीकीध् प्रबंधन श्रेणी के लिए एनआईआरएफ रैंकिंग 2019 में शीर्ष 50 संस्थाओं के छात्र, विधि संस्थाओं की विधि श्रेणी के तहत एनआईआरएफ रैंकिंग 2019 में शीर्ष 10 विधि संस्थाओं के छात्र, विश्वविद्यालयों के लिए एनआईआरएफ रैंकिंग 2019 में शीर्ष 50 संस्थाओं के छात्र तथा क्यूएस रैंकिंग 2019 में शीर्ष 100 संस्थाओं के छात्र आवेदन के लिए पात्र होंगे।

## शीतकालीन सत्र को लेकर नायडू ने 17 नवंबर को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने 18 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र को सफल बनाने सहित अन्य अहम मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए उच्च सदन में विभिन्न दलों के नेताओं की 17 नवंबर को बैठक बुलाई हैं।



राज्यसभा सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि उच्च सदन के 250वें सत्र की आगामी सोमवार को शुरुआत होने से पहले रविवार की शाम को सभापति नायडू सभी दलों के नेताओं के साथ उपराष्ट्रपति निवास में बैठक करेंगे। इस सत्र को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि बैठक में सत्र के दौरान 26 नवंबर को पड़ने वाले 70वें संविधान दिवस एवं महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के आयोजन की रूपरेखा पर भी विचार किया जाएगा। इस बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारी ने कहा कि इसमें आगामी सत्र को पिछले सत्र की ही तरह कामकाज के लिहाज से कारगर बनाने की कार्ययोजना तय की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले की थीम होगी कारोबार सुगमता

**» केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे मेले का उद्घाटन**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रगति मैदान में 14 नवंबर से लगने वाले 39वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ - 2019) में 'कारोबार सुगमता' पर विशेष जोर होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी मेले का उद्घाटन करेंगे। इस साल बिहार, झारखंड को फोकस राज्य जबकि अफगानिस्तान को भागीदार देश और दक्षिण कोरिया को 'फोकस देश' बनाया गया है।



मेले की आयोजक संस्था भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (इटपो) की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रगति मैदान में निर्माण कार्य जारी रहने की वजह से मेले का आयोजन स्थल छोटा होगा। प्रदर्शनी स्थल के हाल नंबर सात से लेकर 12 और 12ए तथा पांच बड़े हैंगर में प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। इटपो प्रवक्ता ने बताया कि अगले साल नवंबर तक प्रदर्शनी स्थल पूरी तरह तैयार हो जाने की उम्मीद है और 2020 का व्यापार मेला अब तक का सबसे बड़ा मेला होगा। इस बार मेले की मुख्य विषयवस्तु 'कारोबार सुगमता' रखी गई है। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत 63वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले पांच साल में भारत विश्व बैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में 134वें स्थान से तेजी से आगे बढ़कर 2019 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। वर्ष 2014 में इस रैंकिंग में भारत का स्थान 134वें पायदान पर था। वर्ष 2017 में भारत 100वें पर पहुंचा और 2019 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। आईआईटीएफ 2019 में बिहार और झारखंड को 'फोकस राज्य' बनाया गया है जबकि अफगानिस्तान को 'भागीदार देश' और दक्षिण कोरिया को 'फोकस देश' बनाया गया है। इन देशों के अलावा आस्ट्रेलिया, बहरीन, भूटान, चीन, मिस्र, हांग कांग, ईरान सहित कई अन्य देशों की कंपनियां मेले में भाग लेंगी।

## राष्ट्रपति शासन पर राज्यपाल ने दिखाई जल्दबाजीः सावंत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र में सरकार गठन के सभी विकल्प अपनाए बिना राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करके जल्दबाजी दिखाई। वहीं सोमवार को राज्य में गैर-भाजपा सरकार बनाने की कोशिशों में नाकाम रही शिवसेना ने कहा कि अगर राष्ट्रपति शासन लगता है, तो उसे चुनौती दी जा सकती है। इससे पहले राज्यपाल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को सरकार गठन को लेकर मंगलवार रात साढ़े आठ बजे तक का समय दिया था।



हालांकि इससे पहले ही उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने से जुड़ी रिपोर्ट भेज दी।

कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं इस कार्रवाई की निंदा करता हूं, जो सभी विकल्प अपनाए बिना जल्दबाजी में की गई। यह राज्यपाल की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। इससे यह सवाल भी उठता है कि क्या राज्यपाल दबाव में काम कर रहे हैं। कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता विजय वदेत्तीवार ने कहा राष्ट्रपति शासन सरकार गठन की राह में रोड़ा नहीं बनेगा। उन्होंने कहा, जब तीनों दलों (कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना) ने यह दर्शा दिया था कि उनके पास 144 से अधिक विधायकों का समर्थन है तो राज्यपाल को हमें सरकार गठन का न्योता देना चाहिये था। कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी इस तरह के विचार साझा करते हुए कहा, एक बार हमारे पास समर्थन के पत्र आ जाएं, तो राष्ट्रपति शासन हटा दिया जा सकता है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि राज्यपाल को हमारी पार्टी को सरकार बनाने की इच्छा और क्षमता दिखाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए था। हालांकि शिवसेना के विधान पार्षद अनिल परब नेकहा कि अगर राष्ट्रपति शासन लगाया गया तो उसे चुनौती दी जा सकती है।

## सवारियों से भरी टैक्सी खाई में गिरी, 16 की मौत

**किश्तवाड़ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भीषण हादसे की खबर है। हादसा टैक्सी के खाई में गिरने से हुआ। बटोत-किश्तवाड़ हाईवे पर हुए इस हादसे में 16 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शवों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोडा जिले के खिलैनी में मंगलवार को पहाडियों से टैक्सी करीब दो हजार फीट गहरी खाई में जा गिरी। इससे 16 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



अधिकारियों ने बताया कि ये गाड़ी कलेनी से गोवा गांव जा रहा था रास्ते में एक मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा और टैक्सी खाई में जा गिरी। हादसा करीब साढ़े तीन बजे हुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर हुए भीषण हादसे में जाइलो वाहन डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में एक सैन्यकर्मी समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील रवाना हुए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को ब्राजील रवाना हो गए । ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 13-14 नवम्बर को ब्राजील में आयोजित हो रहा है जिसकी थीम 'नवोन्मेषी भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि' है।



प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान में बताया गया है कि मोदी छठी बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं। पहली बार उन्होंने 2014 में ब्राजील के फोर्टलीजा में शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। मोदी ने ब्राजील रवाना होने से पहले ट्वीट किया कि वह 13-14 नवम्बर को ब्राजील में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस शिखर सम्मेलन की थीम 'नवोन्मेषी भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि'है। पीएमब्रिक्स नेताओं के साथ विविध विषयों पर व्यापक सहयोग के संबंध में चर्चा को लेकर आशान्वित हैं। इस दौरे में भारत से उद्योगपतियों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रह सकता है। यह प्रतिनिधिमंडल ब्रिक्स बिजनेस फोरम में विशेष रूप से शिरकत करेगा जहां सभी पांच देशों का व्यावसायिक समुदाय मौजूद रहेगा। प्रधानमंत्री रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भी अलग से मुलाकात करेंगे। वह ब्रिक्स बिजनेस फोरम के समापन समारोह में भी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल के ब्रिक्स नेताओं के साथ बैठक में भी हिस्सा लेंगे। ब्रिक्स पांच उभरती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह है।

## शिवसेना का कांग्रेस-एनसीपी के साथ सरकार बनाने का टूटा मिथक

**» महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लग गया है। राज्यपाल और मोदी कैबिनेट की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन को मंजूरी दी है। इससे पहले महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश की।





सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुलाई गई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महाराष्ट्र के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई और प्रदेश में केंद्रीय शासन लगाने का राष्ट्रपति से अनुरोध करने का निर्णय किया गया। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील रवाना हो गए। शिवसेना ने सोमवार को दावा किया था कि राकांपा और कांग्रेस ने उसे महाराष्ट्र में भाजपा के बिना सरकार बनाने के लिये सिद्धांत रूप में समर्थन देने का वादा किया है लेकिन राज्यपाल की ओर से तय समय सीमा समाप्त होने से पहले वह समर्थन का पत्र पेश करने में विफल रही। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस के समर्थन और 'तीनों दलों' के विचार-विमर्श के बिना महाराष्ट्र में सरकार नहीं बन सकती।

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा को आज मंगलवार शाम साढ़े आठ बजे तक सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए कहा था। लेकिन कोश्यारी ने मंगलवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश कर दी। कोश्यारी के कार्यालय के एक बयान के अनुसार कि वह संतुष्ट हैं कि सरकार को संविधान के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है, इसलिए संविधान के अनुच्छेद 356 के प्रावधान के अनुसार आज एक रिपोर्ट सौंपी गई है। अनुच्छेद 356 को आमतौर पर राष्ट्रपति शासन के रूप में जाना जाता है और यह 'राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता' से संबंधित है।

**फिर भी सरकार बनाने का हो सकता है दावा-** राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के संबंध में मंगलवार को लगाई जा रही अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि अगर राष्ट्रपति शासन लागू भी होता है तो जब दलों के पास संख्या बल हो और वे सरकार बनाने की दावेदारी कर सकते हों तो उसे हटाया भी जा सकता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोदी पर बयान के लिए थरूर के खिलाफ वारंट जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यहां की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता व लोकसभा सांसद शशि थरूर के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए विवादित बयान के मामले में जमानती वारंट जारी किया है। थरूर पर आरोप है कि वे मानहानि मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए। थरूर ने 28 अक्टूबर 2018 को बंगलौर साहित्य महोत्सव के दौरान कहा था कि मोदी शिवलिंग पर बैठे बिच्छू के समान हैं। आप उसे अपने हाथ से हटा भी नहीं सकते और न ही चप्पल से मार सकते हैं। कोर्ट ने भाजपा नेता राजीव बब्बर की शिकायत के बाद थरूर के खिलाफवारंट जारी किया।

### लश्कर-ए-तैयबा के लिए धन जुटाने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को देश में आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित करने के लिए हवाला चैनलों के माध्यम से लश्कर-ए-तैयबा के लिए धन जुटाने के आरोपी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम जावेद (40) है, जिसे रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है. जावेद ने लश्कर-ए-तैयबा के संचालक शेख अब्दुल नईम उर्फ सोहेल खान के लिए धन जुटाने में कथित भूमिका निभाई थी.

### आरटीआई के दायरे में सीजेआई कार्यालय के मामले पर आज होगा निर्णय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के कार्यालय को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के दायरे में लाने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को फैसला सुनाएगा। सीजेआई रंजन गोगोई के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ कल अपराह्न दो बजे निर्णय सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना हैं। फैसला सुनाए जाने का नोटिस आज अपराह्न उच्चतम न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया।

### पाकिस्तान में गोलीबारी की घटना में तीन की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में किसी मामूली बात को लेकर हुए विवाद में दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी। यह घटना सोमवार को प्रांत के कोहाट जिले के जंगल खेल इलाके में हुयी। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोग और संदिग्ध हमलावर मित्र थे जिन्होंने किसी विवाद पर तीखी बहस के बाद एक दूसरे पर गोलियां चलाई। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जो इस गोलीबारी में घायल है। अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर अस्पताल में भर्ती

**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर को उनके मतिष्क पर दबाव को कम करने की एक प्रक्रिया के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बयान में कहा गया कि कार्टर हाल ही में वह गिर गए थे, जिससे उनका काफी खून बहा था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, कार्टर सेंटर की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 95 वर्षीय जिमी को सोमवार की शाम अटलांटा स्थित एमोरी यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले महीने जॉर्जिया के प्लेन्स स्थित अपने आवास में गिरने के बाद उनके कूल्हे के आसपास मामूली सा फैक्चर हुआ था, जिसके चलते 22 अक्टूबर को उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा था। हालांकि दो दिन के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। अब फिर उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। कार्टर संयुक्त राष्ट्र का 39वां राष्ट्रपति रह चुके हैं। उनका कार्यकाल 1977 से 1981 तक रहा।